Jansatta
19-05-2020

इस्मा को चीनी निर्यात आने वाले दिनों में सामान्य होने की उम्मीद

नई दिल्ली, 18 मई (भाषा)।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) को कोविड-19 के कारण आवागमन व व्यापार पर लागू पाबंदियों में राहत के बाद आने वाले दिनों में देश का चीनी निर्यात सामान्य होने की उम्मीद है। सरकार ने विपणन वर्ष 2019-20 (अक्तूबर-सितंबर) के लिए 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। बाजार सूत्रों के हवाले से इस्मा ने कहा कि मई की शुरुआत तक विदेश से 42 लाख टन चीनी के ऑर्डर मिले हैं। मिलों और बंदरगाहों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 36 लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है।

इस्मा ने एक बयान में कहा कि विभिन्न देशों के साथ चीनी निर्यात के सौदे हुए हैं। इंडोनेशिया और ईरान से चीनी के बड़े ऑर्डर मिले हैं। निर्यात के लिए जहाजों का आवागमन आने वाले दिनों में सामान्य होने की उम्मीद है।

फरवरी में इस्मा ने चीनी निर्यात चालू विपणन वर्ष में 50 लाख टन से ऊपर रहने की उम्मीद जताई थी। 2018-19 में देश का चीनी निर्यात 38 लाख टन था। इस्मा के मुताबिक चालू विपणन वर्ष के दौरान 15 मई तक देश का चीनी उत्पादन 2.65 करोड़ टन पहुंच गया। यह पिछले साल इस दौरान 3.26 करोड़ टन के उत्पादन से बहुम कम है।